श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
21.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष अष्टमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 177

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:23 बजे
अस्त - 05:55 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.



बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
सचिव ने डोली में बिठाया >> पेज 03
'मेरे हस्बैंड की बीवी' आज सिनेमाघरों में देगी दस्तक >> पेज 04

**सुविचार**

बस! आपके मन में एक अच्छी भावना की जरूरत है

**न्यूज अपडेट्स**


### बंद मकान से एक करोड़ का अवैध शराब बरामद

**हजारीबाग।** उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दारू थाना क्षेत्र के जोनिया गांव में एक बंद मकान से 1500 पेटी शराब बरामद की गई है। बरामद शराब की कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू के नेतृत्व में गुरुवार को यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में उत्पाद निरीक्षक, पुलिस बल और अन्य अधिकारी शामिल थे। छापेमारी के दौरान मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह मकान लंबे समय से बंद था। इसका इस्तेमाल अवैध शराब के भंडारण के लिए किया जा रहा था। विभाग अब जांच कर रहा है कि यहां शराब कहां से आया और इसका नेटवर्क कितना बड़ा है। साहू ने कहा कि राज्य में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


**जैक** झारखंड में पहली बार मैट्रिक का पेपर लीक

# साइंस व हिंदी की परीक्षा रद्द

- झारखंड बोर्ड 10वीं की साइंस व हिंदी परीक्षा रद्द
- पेपर लीक के बाद जैक ने परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया
- विपक्ष ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा



झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI
वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 के संबंध में आवश्यक सूचना
विज्ञप्ति संख्या– 09 /2025
एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित प्राचार्यों, केन्द्राधीक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि सोशल मीडिया में वायरल एवं समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त सूचना के आलोक में दिनांक 18.02.2025 को प्रथम पाली में सम्पन्न Hindi (Course A & Course B) विषय एवं दिनांक 20.02.2025 को प्रथम पाली में सम्पन्न Science विषय की परीक्षा रद्द की जाती है। उक्त विषयों की पुनर्परीक्षा के आयोजन की तिथि संबंधी सूचना बाद में प्रकाशित की जाएगी।
अध्यक्ष के आदेश से,
जैक/गोप/3262/24/SECY./183/25.
Dt- 20/02/25.
D.O.P- 21/02/25.
सचिव
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची



JAC
खण्ड – A
( प्रश्न संख्या 1 से 30 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक का है। )
Section – A
( Question Nos. 1 to 30 Multiple Choice Questions and carry 1 mark each.)
प्रश्न 1. समतल दर्पण द्वारा बना प्रतिबिम्ब सदैव होता है
(A) वास्तविक तथा सीधा
(B) आभासी तथा सीधा
(C) वास्तविक तथा उल्टा
(D) आभासी तथा उल्टा
Q. 1. The image formed by a plane mirror is always
(A) real and erect
(B) virtual and erect
(C) real and inverted
(D) virtual and inverted
उत्तर Ans.
•X/25/2434
5 of 72

**रांची।** झारखंड में पहली बार मैट्रिक की परीक्षा में पेपर लीक के बाद 2 विषयों की परीक्षाओं को रद्द किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जैक बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में साइंस और हिन्दी का पेपर लीक हो गया था, जिसके बाद अब बोर्ड ने हिंदी और विज्ञान के पेपर को रद्द करने का निर्णय लिया है। बताया जा रहा है कि जैक बोर्ड ने परीक्षा रद्द करने का फैसला प्रश्न पत्र और वायरल हो रहे पेपर का मिलान करने के बाद लिया है। वहीं झारखंड के इतिहास में पहली बार 10वीं की परीक्षा रद्द होने के बाद अब विपक्ष हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साध रहा है। वहीं इस मामले के बाद जैक अध्यक्ष ने कोडरमा, गढ़वा और गिरिडीह उपायुक्त को जांच करने का आदेश दिया है। बोर्ड ने चौबीस घंटे के अंदर जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। वहीं सोशल मीडिया से जुड़े पोर्टल से पूछताछ हो रही है। जैक अध्यक्ष एन हांसदा ने कहा कि पूरे मामले की जांच करने का आदेश दिया गया। 24 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है।

### 18 व 20 फरवरी को हुई परीक्षा रद्द

झारखंड में 18 फरवरी को हिंदी और 20 फरवरी को विज्ञान की परीक्षा का आयोजन किया गया था। बताया जा रहा है कि हिंदी की परीक्षा से पहले सोशल मीडिया पर वार्षिक परीक्षा में पूछे गए कुछ प्रश्न वायरल हुए थे। पहले तो इसे जैक बोर्ड ने इस बार को खारिज कर दिया था। हालांकि गुरुवार को आयोजित विज्ञान विषय की परीक्षा से पहले बुधवार से ही व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लोगों को 350 रुपए में विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा था। इसके बाद गुरुवार को प्रथम पाली में परीक्षा संपन्न होने के बाद जैक के द्वारा पूछे गए प्रश्नों से जब वायरल प्रश्न पत्रों का मिलान किया गया तो कई सवाल एक समान पाए गये। इसके बाद हिन्दी और साइंस की परीक्षा को रद्द कर दिया गया।

### 7 लाख से अधिक छात्र दे रहे परीक्षा

झारखंड एकेडमिक काउंसिल के संज्ञान में यह मामला आने के बाद काउंसिल के सचिव के द्वारा गुरुवार की दोपहर आदेश जारी कर 18 फरवरी को आयोजित हुई वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के हिंदी और 20 फरवरी को संपन्न हुई विज्ञान विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। जैक बोर्ड के द्वारा आदेश में बताया गया है कि रद्द किए गए विषयों की परीक्षा के आयोजन को लेकर अगली तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। बता दें, झारखंड बोर्ड की परीक्षाएं पिछले सप्ताह 11 फरवरी को शुरू हुईं थीं। परीक्षा दो शिफ्टों में हो रही है। बोर्ड की परीक्षाएं 3 मार्च को समाप्त होनी हैं, हालांकि अब दो पेपर रद्द होने के बाद इन्हें आगे बढ़ाया जा सकता है। बता दें, इस बार करीब 7 लाख स्टूडेंट्स ने जैक बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

## मनोज सिन्हा पहुंचे विकास भारती



**रांची।** मनोज सिन्हा पहुंचे विकास भारती जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को रांची के बरियातू रोड स्थित विकास भारती पहुंचे। यहां उनके पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विकास भारती के प्रमुख अशोक भगत, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, चतरा संसद कालीचरण सिंह, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## जौनपुर में वाहन दुर्घनाग्रस्त, 6 मरे



**हजारीबाग।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में कुंभ स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बदलापुर थाना क्षेत्र में हुई इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडसार गांव के रहने वाले हैं। श्रद्धालु कुंभ स्नान के बाद अयोध्या में राम जन्मभूमि के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। जौनपुर मार्ग पर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर बस से टकरा गई। गाड़ी डिवाइडर को पार करते हुए पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।दुर्घटना में मृत श्रद्धालुओं में कांति देवी, धनवा देवी, मतिया देवी, मुनिया देवी, रंजीत यादव और केशिया देवी शामिल हैं। एक ही परिवार की धनवा देवी और उनके बेटे रंजीत यादव की भी मौत हो गई। घायलों को स्थानीय अस्पताल और वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। कंडसार की मुखिया श्रृति कुमारी ने गुरुवार को बताया कि कुंभ स्नान से लौट रहे कंडसार गांव के छह लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी है और पांच लोग घायल है। उनका इलाज चल रहा है। शव देर रात तक आने की संभावना है।

### बीमार मां को घर में बंद कर पत्नी व बच्चों संग कुंभ चला गया बेटा

# पुलिस ने ताला तोड़कर निकाला, अब दिया नोटिस



**रामगढ़।** बीमार मां को घर में बंद कर पत्नी और बच्चों के साथ कुंभ जाना बेटे को भारी पड़ गया। तीन दिनों से ताले में बंद मां भूख से तड़पती रही। वहीं बेटा पुण्य कमाने की बात करता रहा। यह मामला जब सुर्खियों में आया तो जिला प्रशासन ने पहल की। डीसी चंदन कुमार ने मानवीय मूल्यों के आधार पर इसे संज्ञान में लिया और उस नालायक बेटे को गुरुवार को नोटिस थमा दिया। डीसी ने उस नालायक बेटे पर कार्रवाई करने का आदेश एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी को दिया है। डीसी के आदेश के बाद एसडीओ ने नालायक बेटे को 27 फरवरी को एसडीओ कोर्ट में हाजिर होने का फरमान जारी किया। अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के अंतर्गत पुत्र सीसीएल कर्मी अखिलेश कुमार को नोटिस दिया है। अखिलेश कुमार को 27 फरवरी 2025 को अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में उपस्थित होकर यह बताना होगा कि क्यों ना उनके विरुद्ध भरण पोषण अधिनियम 2007 के अंतर्गत कार्यवाही की जाए। उल्लेखनीय है कि सीसीएल कर्मी अखिलेश कुमार अपनी बीमार वृद्ध मां संजू देवी को अरगड्डा सुभाष नगर स्थित अपने ए टाइप क्वार्टर में ताला जड़कर सोमवार को पत्नी व बच्चों के साथ स्नान करने के लिए कुंभ चला गया। जाने से पहले उन लोगों ने मां को खाने के लिए चूड़ा दिया था। वह चूड़ा भी खत्म हो गया था। दो दिनों से भूखी संजू देवी रो-रो कर बंद क्वार्टर में खाने के लिए तड़प रही थी। वह भूख मिटाने के लिए घर में रखे प्लास्टिक चबाने लगी। इसके बाद आस पड़ोस के लोगों के जरिये ताला तोड़कर उन्हें बाहर निकला गया। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी गयी।

## एनसीबी ने बिहार जा रही पांच लाख का गांजा पकड़ा, पांच हिरासत में

**लोहरदगा।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी)रांची की टीम ने गुप्त सूचना के बाद लगभग पांच लाख रुपए का गांजा की खेप को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मालवाहक ट्रक के चालक और खलासी की सूचना पर गांजा खरीदार तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनसीबी की टीम हिरासत में लिए गए आरोपितों से पूछताछ कर रहीं हैं। गांजा को ओडिशा के संबलपुर से बिहार के गया ले जाया जा रहा था। ओडिशा के संबलपुर से मालवाहक ट्रक नम्बर (ओडी 14 जेड 3324 )में लकड़ी का फ्लाई वुड लोड करते हुए बिहार के गया जा रहा था। इसी मालवाहक ट्रक में 13 बोरा मे भरकर 250 किलोग्राम गांजा को बीच में छिपाया गया था। संबलपुर से मालवाहक ट्रक राउरकेला होते हुए सिमडेगा के बाद गुमला पहुंचा था तथा लोहरदगा होते हुए कुडू की तरफ से बिहार के गया जाना था। इस बात की जानकारी एनसीबी के पुलिस अधीक्षक को मिल चुकी थी।एनसीबी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। एनसीबी की टीम बुधवार देर रात कुडू थाना पहुंची तथा कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार के साथ मिलकर कुडू - लोहरदगा मुख्य पथ पर वाहन जांच अभियान शुरू किया। देर रात लगभग एक बजे मालवाहक ट्रक मस्जिद चौक पहुंचा। वाहन को रोकते हुए एनसीबी की टीम ने जांच शुरू किया तो लकड़ी के प्लाईवुड के बीच मे छिपाकर रखा गया 13 बोरा गांजा बरामद किया गया।

# सबसे बड़ा दान रक्तदान जो जीवन बचाने का काम करती है : सिविल सर्जन



**बंशीधर न्यूज**

**नीलांबर पितांबरपुर :** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बसौरा नीलांबर पीतांबरपुर पलामू के सभागार में जन विकास ट्रस्ट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पलामू सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में 62 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। जन विकास ट्रस्ट के सचिव अजीत कुमार ने बताया कि यह रक्तदान का कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा और संस्था का लक्ष्य है कि 1000 यूनिट से ज्यादा रक्तदान करने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मनुष्य के जीवन का अगर सबसे बड़ा कोई दान है तो वह रक्तदान है जो किसी का जिंदगी बचाने के काम आता है। मौके पर हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा योजना के महेंद्र मरांडी, प्रो भावेश कुमार, जन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज प्रसाद, ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर सनी सोरेन, आनंद मोहन चंद्र, संजीव नयन, आलोक कुमार, राजीव कुमार, अभय कुमार, रानी कुमारी, अनिशा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, जन विकास ट्रस्ट के दीपक सोनी, पप्पू कुमार, मोहम्मद अयूब, अमीषा सिंह, पूजा कुमारी नमिता मिंस छोटू खान सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में डालसा ने लिया संज्ञान, मिलेगा मुआवजा

**मेदिनीनगर :** पिपरा थाना अंतर्गत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के 10 वीं की छात्रा के साथ पिछले दिनों हुये दुष्कर्म के मामले में छपी खबरों के आधार पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने संज्ञान लिया है। इस मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव को पीड़िता को हर संभव सरकारी सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया था। इसी आलोक में दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से राशन सामग्री व दैनिक उपयोग की वस्तु पैरा लीगल वोलेंटियर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। साथ ही विक्टिम कॉमनशेषन में केस रजिस्टर कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पैरा लीगल वोलेंटियर के माध्यम से पीड़िता के द्वारा विक्टिम कंपनसेशन को ले डालसा में आवेदन दिया गया है। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। पीएलवी के माध्यम से तत्काल राशन व दैनिक उपयोग की वस्तु उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही विक्टिम कम्पनशेषन की राशि भी पीड़िता को उपलब्ध करायी जायेगी।

## पलामू

### काम की गति काफी मंद और अस्वीकार्य है : प्रधान सचिव

# योजना संवेदक की नहीं सरकार की है : किशोर

### सोननदी पाईप लाईन जलापूर्ति योजना का मंत्री ने किया निरीक्षण

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने बुधवार की देर शाम तक सोननदी पाईप लाईन जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। करीब 400 करोड़ की योजना को अगस्त-2025 में पूरा करना है परंतु अबतक मात्र 25 प्रतिशत काम हुआ है। लगभग 65 करोड़ रुपये संवेदक कंपनी ने प्राप्त भी कर लिया है। काम की अत्यंत धीमी प्रगति पाकर वित्त मंत्री और प्रधान सचिव ने कड़ी झाड़ पिलाई। साथ ही संकेत दिया कि काम को पूरा करना वर्तमान संवेदक कंपनी की क्षमता के परे है। कार्य आदेश रद कर दूसरे संवेदक को काम सौंपने से योजना को तेजी से पूरा कराना संभव होगा। संवेदक कंपनी के प्रतिनिधि ने नक्सल हस्तक्षेप और एनएचएआई के हस्तक्षेप को विलंब का कारण बताया। इससे नाराज होकर मंत्री ने पूछा कि नक्सली से मुलाकात करनी है क्या? गलत बयानी नहीं करें। न नक्सल समस्या अब है और सोन पाईप लाईन जलापूर्ति योजना का क्षेत्र एनएचएआई से संबंधित है। मंत्री ने कहा कि यह योजना संवेदक की नहीं झारखंड सरकार की है। इसमें जनता का पैसा लगा हुआ है। लापरवाही और गलत बयानी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। वहीं प्रधान सचिव मस्तराम मीणा ने कटाक्ष किया कि अगर संवेदक कंपनी छह महीने में दो साल का काम पूरा कर लेगी तो पूरे झारखंड का काम ही उसे दे देना उचित होगा। प्रधान सचिव ने काम की गति को काफी मंद माना और इसे अस्वीकार्य बताया। मंत्री और प्रधान सचिव ने योजना के तीन स्थलों का निरीक्षण किया। इस योजना से हुसैनाबाद और छतरपुर के नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान डीसी शशि रंजन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता, छतरपुर के एसडीएम, कांग्रेस नेता दीनानाथ तिवारी, अरूण कुमार सिंह, प्रशांत किशोर उर्फ बंकू बाबू, सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वरी पांडेय, राजकमल तिवारी, रणधीर पाठक, अशोक सोनी, राजेन्द्र यादव, कमलेश यादव, मंजुल गुप्ता, राकेश कुमार, बिजल कुमार, मुकेश कुमार, बिजली चंद्रवंशी, नंदलाल प्रसाद, जूना जायसवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंत्री ने छतरपुर से लेकर हुसैनाबाद में सोन नदी तट योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इसके पूर्व पलामू परिसदन में संबंधित अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा की।

## मां चतुर्भजी मंदिर परिसर में 10 असहाय कन्याओं की हुई शादी

**बंशीधर न्यूज**



**केतार :** मां चतुर्भजी मंदिर केतार के सरयु दास रामलीला मैदान में गुरुवार को 10 असहाय बहनों की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई। यह शादी काशी निवासी श्री श्री 108 श्री रामेश्वर दास जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। शादी समारोह में करीब 10 हजार लोगों ने पहुंच कर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। मंदिर के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मुखिया एवं उनकी धर्मपत्नी प्रमिला देवी, प्रमोद शुक्ला पत्नी शारदा देवी सहित अन्य लोगों ने माता-पिता बन कर कन्यादान किया। नव दंपति को विवाह समिति द्वारा उपहार में पलंग, आलमीरा, कंबल, बर्तन सेट, ट्रॉली बैग, कपड़ा सेट, आयरन, पायल, मांगटिका, नथिया, बिछिया तथा कंगन दिया गया। मौके पर यज्ञ तथा शादी समारोह के अध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, प्रमोद शुक्ला, हेमंत कुमार पाठक, कन्हाई प्रसाद, कुंडल सिंह, रामविचार साहू, विनोद भगत ने संयुक्त रूप से कहा कि हमलोगों ने एक छोटा सा प्रयास समाज के लिये किया है, जो सफलता पूर्वक कार्य संपन्न हुआ। इस कार्य को सम्पन्न कराने में जो अनुभूति प्राप्त हुआ है उससे हमारे जीवन को एक नई ऊर्जा प्राप्त हुआ है। मौके पर विक्रमा सिंह, प्रमोद सिंह, राजकुमार पाठक, ताहिर अंसारी, धर्मराज पासवान, त्रिपुरारी सिंह, कुंडल सिंह, बिंदु राम, रमेश दुबे, लल्लू पाल, योगेंद्र राम, संजय पटेल आदि लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने 500 अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन निकासी पर लगाया रोक

**मेदिनीनगर :** डीसी शशि रंजन ने एक सख्त कदम उठाते हुये जिले के 149 चिकित्सकों, एक दर्जन से अधिक बीडीओ और सीओ समेत करीब 500 अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई समय पर कार्यालय में उपस्थित न होने के कारण की गई है। डीसी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये थे कि वे सुबह 10:40 बजे तक कार्यालय में पहुंचे। इसके बाद कार्यालय बंद होने के समय 5 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इसके साथ ही बायोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य किया गया था। वेतन की प्रक्रिया भी केवल बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर की जानी थी। लेकिन जब जांच के दौरान बायोमेट्रिक अटेंडेंस के समय का मिलान किया गया। तो उसमें पाया गया कि कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं की। इस कारण उनका वेतन रोका गया है।

### झारखंड को चार-एक से हराकर दिल्ली फाइनल में



**मेदिनीनगर।** वीर शहीदों की पावन स्मृति में मेदिनीनगर के पुलिस स्टेडियम में आयोजित अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को झारखंड के सेरसा चक्रधरपुर एवं दिल्ली नॉर्दन के बीच खेला गया। खेल रोमांचक हुआ। दिल्ली के खिलाड़ी ने मध्यांतर से पहले एक गोल कर टीम को बढ़त दिलायी। संघर्ष तेज करते हुए सेरसा चक्रधरपुर के खिलाड़ी ने एक गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। मध्यांतर के बाद दोनों टीम के खिलाड़ियों ने एक दूसरे को मात देने के लिए संघर्ष तेज किया। दिल्ली के खिलाड़ियों ने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल कर मैच को एकतरफा कर दिया। हालांकि सेरसा के खिलाड़ियों ने मैच को बराबरी पर लाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस तरह दिल्ली की टीम सेरसा चक्रधरपुर की टीम को 4-1 गोल से हराकर फाइनल में पहुंच गई। मौके पर मुख्य अतिथि नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, एएसपी राकेश सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ल, एसडीपीओ राजेश यादव, राजीव रंजन, सार्जेंट मेजर सुरेश राम सहित कई थाना प्रभारी मौजूद थे। अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया किया। रेफरी शाहिद परवेज, सहायक रेफरी तबरेज आलम, अर्जुन उरांव, अब्दुल मजीद ने मैच का संचालन किया। कमेंटेटर के रूप में रेफरी धनु नाग सक्रिय थे। आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने बताया कि शुक्रवार को सेमीफाइनल का दूसरा मैच पलामू व दुगार्पुर पश्चिम बंगाल के बीच खेला जायेगा। मौके पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, नरेंद्र सिंह, सुशील सिंहा, विभाकर नारायण पांडेय, परशुराम ओझा, मनीष मिश्रा, प्रसेनजीत दास गुप्ता, संदीप राम, धीरेन्द्र पांडेय, विवेक चौबे, राजकुमार गुप्ता, अजित पाठक, शुभम सहित कई लोग मौजूद थे।

### आनंद मार्ग जागृति केंद्र गढ़वा में जिला भक्ति प्रधान का चुनाव संपन्न

# मेराल के धर्मेंद्र देव बने जिला भक्ति प्रधान

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** मदरसा रोड स्थित सोनपुरवा में स्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में गुरुवार को जिला भुक्ति प्रधान का चुनाव चयन समिति एवं चुनाव पर्यवेक्षक आचार्य अनुरागानंद अवधूत की देखरेख में संपन्न हुआ। उपस्थित लोगों द्वारा विचार विमर्श के बाद धर्मेंद्र देव को जिला भक्ति प्रधान के लिये योग्य मानते हुये सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसके पूर्व चयन समिति द्वारा बताया गया कि चर्याचर्य के अनुसार भुक्ति प्रधान (संस्था का जिला प्रधान) का चुनाव हर तीन वर्ष पर किया जाता है। इसके लिये न्यूनतम योग्यता निर्धारित है। धर्म चक्र में 60 प्रतिशत उपस्थिति, यम नियम, सोड़ष विधि, षट् रिपु एवं अष्टपाश का विधिवत पालन के साथ ही साधना मार्ग के छः लेसन ईश्वर प्रणिधान, गुरु मंत्र, तत्व धारणा, प्राणायाम, चक्र शोधन एवं ध्यान धारणा में प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। इस अनुरूप धर्मेंद्र देव को आगामी 3 वर्षों के लिये जिला भक्ति प्रधान के लिये चयन किया गया। इस अवसर पर पूर्व भुक्ति प्रधान दिनेश प्रसाद ने कहा कि मेरे द्वारा जो भी कार्य अधूरा है उसे पूरा करने में पूरा सहयोग करूंगा। पर्यवेक्षक आचार्य अनुराग आनंद अवधूत ने कहा कि नवनिर्वाचित जिला भुक्ति प्रधान को जागृति की संस्कृति एवं विकास में सभी के सहयोग की अत्यंत आवश्यकता है। ताकि आनंद मार्ग संपूर्ण जीवन दर्शन का प्रचार प्रसार कर सके। नवनिर्वाचित भुक्ति प्रदान धर्मेंद्र देव ने सभी की उम्मीद पर खरा उतरने, जागृति की सात्विकता एवं सद्विप्र समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुये चयन के लिये सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कैलाश प्रसाद, रामजन्म, रंजीत देव, शुभम देव, सुधांशु देव सहित कई मार्गी थे।

# डबल मर्डर में 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू के रजखेता जंगल के अमवाटोली से मिली दो युवकों की डेडबॉडी मामले में पुलिस के हाथ 24 घंटे बाद भी खाली है। एक बॉडी की पहचान दिनेश यादव के रूप में अबतक हुई है, दूसरे की पहचान करने के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। गुरूवार को पहचान की गयी एवं अज्ञात बॉडी का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में किया गया। अस्पताल में दिनेश के भाई दीपक ने कई जानकारी दी। दीपक के अनुसार दिनेश भाकपा माओवादी दस्ते में रह चुका था। वर्ष 2017 में एक वर्ष तक वह माओवादी में रहा था। इधर, मजदूरी करने के लिए चेन्नई गया था। 29 जनवरी को चेन्नई से लौटा था। सोमवार देर शाम गांव के विपिन यादव के साथ घर से निकला था। उसके बाद उसकी डेडबॉडी मिलने की जानकारी हुई। विपिन भी माओवादी रहा है। विपिन दिनेश में दोस्ती थी। लेने देन भी करते थे। विपिन यादव गाड़ी खरीदने के लिए 40 हजार रूपए लिया था। सोमवार को रातभर दिनेश विपिन यादव के साथ पंकज शर्मा के घर में ताश खेला था। सुबह इमामगंज मौसी के घर जाने के लिए निकला था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। उसे सलैया बाजार में अंतिम बार देखा गया था। विपिन यादव के पकड़े जाने के बाद स्पष्ट होगा कि दिनेश की हत्या क्यों हुई? इधर, लेस्लीगंज के एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने बताया कि दिनेश और विपिन के माओवादी होने के एविडेंस नहीं मिले हैं। अगर उसके परिजन बता रहे हैं तो हो सकता है। उन्होंने कहा कि दिनेश विपिन के साथ गया था, इसकी जानकारी मिली है। विपिन को पकड़ने के लिए छानबीन की जा रही है। उसके घर पर भी तलाशी ली गयी थी, लेकिन वह फरार बताया जाता है। पोस्टमार्टम के दौरान किए गए एक्सरे से पता चला है कि दिनेश एवं अज्ञात युवक की चाकू से गोदकर हत्या की गयी थी। शरीर पर कई जगह चाकू लगने के निशान मिले हैं। डबल मर्डर का मामला अबतक पहेली की तरह है। चर्चा है कि आपसी वर्चस्व को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया।

# डीडीसी मो. शब्बीर अहमद ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रथ को किया रवाना



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के पर डीडीसी मो शब्बीर अहमद ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। मौके पर सभी ने हस्ताक्षर कर जागरूकता संदेश दिया। डीडीसी मो अहमद ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता रथ को रवाना किया गया। साथ ही हस्ताक्षर अंकित कर जागरूकता संदेश दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार लाना एवं बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता में परिवर्तन लाना है। बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना और उन्हें शिक्षा का अवसर प्रदान करना है। ताकि बालिकाओं का संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बेटियां एवं महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। वे मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं। यह रथ विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। वहीं उन्हें बेटियों को शिक्षा देने के लिये प्रेरित भी करेगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि यह जागरूकता कार्यक्रम 22 जनवरी से चल रहा है। यह कार्यक्रम 8 मार्च तक बच्चियों और महिलाओं को जागरूक करने के लिये चलेगा। बेटियां किसी से कम नहीं है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए हमलोग प्रयत्नशील हैं। सभी विभागों एवं समाजसेवी संस्थाओं के साथ समन्वय से बाल विवाह की रोकथाम सहित बेटियों के संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। मौके पर डीआरडीए निदेशक रतन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, एनडीसी विक्रम कुमार आदि थे।

## न्यूज अपडेट्स

### राजधानी की मुख्यमंत्री महिला का होना महिलाओं का सम्मान : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर :** सतबरवा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह पुस्तक मेला का शुभारंभ मेदिनीनगर नगर निगम की पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने झंडोतोलन एवं कलश यात्रा प्रारंभ कर किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश हिंदुओं का देश है और हम हिंदुओं को इस तरह के आयोजन से शांति और शक्ति प्राप्त होती है। श्रीमती शंकर ने कहा कि आज हम महिलाओं के लिये काफी गौरव का दिन है। जब देश की राजधानी दिल्ली में रेखा गुप्ता जो पार्षद से राजनीतिक शुरूआत कर मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली हैं, यह देश की आधी आबादी को गौरवान्वित कर रहा है। श्रीमती शंकर ने कहा कि अब देश में आधी आबादी हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है, जो महिलाओं के लिये गौरव की बात है। इस अवसर पर संजय कुमार, विनोद चौधरी, सत्यनारायण मेहता, सुरेश सिंह, कमलेश कुमार, सुभाष प्रसाद एवं श्याम बिहारी व अनिल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### उमवि अलीनगर के कंप्यूटर रुम में चोरी, प्राथमिकी

**हुसैनाबाद :** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलीनगर के कंप्यूटर रूम का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदेश्वर राम ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। थाना को दिये गये आवेदन में कहा है कि जब 18 फरवरी को स्कूल पहुंचा तो देखा की कंप्यूटर रूम का ताला टूटा पड़ा है, जब अंदर देखा तो उसमें रखे मोनिटर, माउस, स्टेपलाईजर, सीपीयू, डोंगल, चार्जिंग मशीन आदि गायब है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर चोरी की घटना की छानबीन शुरू कर दी गई है।

## गढ़वा

### छठ घाट पर हुआ 351 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह

# सचिव ने डोली में बिठाया

बंशीधर न्यूज





**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी संस्था के तत्वावधान में 19 फरवरी को शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के मैदान में 351 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। इस दौरान विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये। देर शाम जयमाल कार्यक्रम के बाद सुर संग्राम सहित भोजपुरी जगत से आये हुये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुती कर समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, सोसाईटी के सचिव की मां सुगापति देवी, बिहार के मौलाना उमर नूरानी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि संस्था का यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस तरह का कार्य विभिन्न समाजसेवी संस्थान के द्वारा भी करने की जरूरत है। अगर ऐसा कार्यक्रम विभिन्न संस्थान के द्वारा किया जायेगा तो आने वाला समय में दहेज मुक्त विवाह सुनिश्चित हो जायेगा। उन्होंने कहा कि आज दहेज के लिये बेटी मारी जा रही है। गर्भ में भ्रूण हत्या कराया जा रहा है। ऐसे लोग इससे परहेज करें नहीं तो आने वाले समय में बेटी को खोजने के लिये विवाह करने के लिये अपने देश से दूसरे देश में भी जाना पड़ सकता है। बिहार से चलकर आये उमर नूरानी ने कहा कि लोग कसम खा ले की बेटी की विवाह करने और बहू लाने के लिये मैं 1 रुपए का दहेज नहीं दूंगा ना लुंगा। तो संकल्प लीजिये कि आने वाले समय में दहेज लेना पाप है और यह सबसे बड़ा अभिशाप है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि विकास कुमार माली का एक साथ 351 सीता जैसी बहनों की शादी कराना यज्ञ से भी बढ़कर सफल कार्य है। उन्होंने कहा कि सोसाईटी के द्वारा जो यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह गढ़वा के लिये ऐतिहासिक साबित हुआ। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि आज के इस युग में बेटी को लोग बोझ समझ रहे हैं। ऐसा कभी नहीं समझे। इस तरह की बोझ समझने वाले माता-पिता से अनुरोध है कि आप डायरेक्ट कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी संस्थान के कार्यालय में जाकर उनसे संपर्क करें। आपकी बेटी का पूरा पढ़ाई से लेकर विवाह तक का खर्च कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी उठायेगा। किन्नर समाज की राधा गुरु ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी संस्था के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करना बहुत ही गौरव की बात है। मंच संबोधन के बाद विवाह संपन्न करा कर 351 कन्याओं की एक साथ विदाई के दौरान पूरा महफिल रो पड़ा था। यहां तक की संस्था के सचिव और बाहर से चलकर आये हुये कलाकारों ने भी बहनों की विदाई को देखकर रो पड़े। इसके बाद संस्था के सचिव और कार्यकताओं ने डोली में बिठाकर बहनों को विदा किया।

### पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं शैक्षणिक वातावरण के लिये चिंताजनक : प्रिन्स



**कांडी :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने दसवीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक होने की घटना की निष्पक्ष व विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार हो रही पेपर लीक की घटना राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिये अत्यंत ही चिंताजनक है। विद्यार्थी इस प्रकार की घटनाओं से मानसिक रूप से तनावग्रस्त होते हैं, जिनका असर उनकी परीक्षा परिणाम पर भी पड़ता है। प्रिंस ने कहा कि झारखंड अधिविध परिषद परीक्षाओं की सुचिता बरकरार रखने में असमर्थ है। एक तरफ झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य में शिक्षा की स्थिति को सुधारने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा नियुक्त जैक के अध्यक्ष अपनी पहली ही परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से आयोजित कराने में असफल रहे। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं राज्य की शैक्षणिक वातावरण के लिये चिंताजनक है। सरकार को विद्यार्थियों के लिये न्याय सुनिश्चित करना होगा। अभाविप इस पूरी घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है। इस तरह की कुसंगतियां जैक की क्षमता को उजागर करती है। अभाविप झारखंड मांग करती है कि भविष्य में समस्याओं को रोकने के लिये जैक अपनी कार्य प्रणाली को दुरुस्त करे। इस तरह की विसंगतियां झारखंड के परीक्षार्थियों की उम्मीद के साथ विश्वासघात है। अभाविप इस घटना के लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती है।

### सोशल वर्कर संस्था ने कराया एक यूनिट रक्तदान




**गढ़वा :** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में सदर अस्पताल गढ़वा परिसर स्थित ब्लड बैंक में बुधवार की रात्रि एक यूनिट रक्तदान कराया गया। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने बताया कि ब्लड बैंक के कर्मचारियों द्वारा सूचना मिली थी कि सदर अस्पताल मे इलाजरत सोनपुरवा निवासी महिला को एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्कता थी। तभी रोहित कसेरा जिनका रक्त समूह एबी पॉजिटिव है उन्हे रक्तदान को राजी कर रक्तदान करवाया। रोहित ने कहा कि वो तीन महीना पर किसी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करने को तैयार रहते हैं। मौके पर संस्था के सक्रिय सदस्य शुभम केशरी, अक्षय गुप्ता, अरविन्द केशरी, बाला केशरी, विकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आपराधिक घटनाओं के विरोध में व्यवसायियों ने हैदरनगर बाजार बंद किया

बंशीधर न्यूज



**हुसैनाबाद :** हैदरनगर बाजार में लगातार लूट और आपराधिक घटनाओं के विरोध में गुरुवार को व्यवसायियों ने हैदरनगर बाजार बंद किया। व्यवसायियों का नेतृत्व मुखिया संतोष कुमार सिंह एवं समाजसेवी डा अजय जायसवाल कर रहे हैं। बुधवार की शाम हैदरनगर बाजार में ग्राहक सेवा केंद्र में हुई लूट की घटना के बाद व्यवसायियों का गुस्सा बढ़ गया है। व्यवसाई पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। वह पुराना थाना भवन में पुलिस पिकेट खोलने की मांग कर रहे हैं। घटना को लेकर व्यवसायियों में आक्रोश है। व्यवसायियों ने बुधवार को सड़क पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया। नेतृत्व कर रहे संतोष कुमार सिंह ने कहा कि एक ओर हैदरनगर बाजार में लगातार आपराधिक और लूट की घटनाएं हो रही हैं। दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन घटनाओं का उद्भेदन करने के बजाय अवैध बालू और बाइक चेकिंग के नाम पर उगाही करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि बाजार से थाना की दूरी महज एक किलोमीटर है। लेकिन बीच में रेलवे क्रॉसिंग की वजह समय पर पुलिस नहीं पहुंच पाती है। उन्होंने हैदरनगर के पुराना थाना भवन में पुलिस पिकेट खोलने की मांग की है।

### बालाजी कंपनी द्वारा कम पैसा मिलने को लेकर कर्मचारियों ने किया विरोध

# कर्मचारियों का वेतन काटकर देना उचित नहीं : संग्राम

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तैनात बालाजी कंपनी के सभी कर्मचारी गुरुवार को वेतन कम मिलने पर बालाजी कंपनी का विरोध किया। अस्पताल में तैनात कर्मचारियों का कहना था कि इस बार सभी कर्मचारियों का वेतन बालाजी कंपनी द्वारा काटकर भेजा गया है। इसका हम सभी स्टाफ विरोध करते हैं। वहीं बालाजी कर्मचारियों ने कुछ देर तक अपने काम को ठप कर दिया। जिसके कारण कुछ घंटे तक अस्पताल की विधि व्यवस्था चरमरा गई थी। वहीं मौके पर उपस्थित पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि बालाजी कंपनी के सभी जगह पर तैनात अपने कर्मचारियों को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बालाजी कंपनी के द्वारा जितना भी स्टाफ मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में काम करते हैं वह अपने मेहनत और ईमानदारी का पैसा लेते हैं। इसके बाद भी बालाजी कंपनी के द्वारा कार्यरत कर्मचारियों का वेतन काटकर देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि इन लोगों का पूरा पैसा बालाजी कंपनी द्वारा नहीं दिया जाता है तो आगे की रणनीति तय की जायेगी। वही अस्पताल में तैनात बालाजी कंपनी के सभी कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि बालाजी के सुपरवाईजर जो यहां पर लोगों से काम करवाती है।

## आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार




**धुरकी :** पुलिस ने एसपी के निदेर्शानुसार समकालीन अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के अलग-अलग कांडों के 6 वारंटी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुये थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि धुरकी थाना क्षेत्र के किसी भी मामले के अभियुक्त को हर हाल में गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुकेश यादव, विमलेश कुमार, दीनानाथ साव, उदय तुरिया, लक्ष्मण तुरिया, जितेंद्र कुमार आदि के नाम शामिल हैं। ज्ञात हो कि एक साथ आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजना धुरकी पुलिस की बड़ी उपलब्धि है। पूर्व में एक महीने के भीतर थाना प्रभारी के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने करीब दो दर्जन से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।




## फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' आज सिनेमाघरों में देगी दस्तक, एक टिकट पर दूसरी मुफ्त

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने देने के लिए तैयार है। फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसमें पहली बार अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की तिकड़ी बड़े पर्दे पर साथ नजर आएगी। तीनों सितारे जोर-शोर से फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं और दर्शकों में उत्साह चरम पर है। फिल्म निमार्ताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है, जिससे उनकी एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। अगर आप 'मेरे हस्बैंड की बीवी' देखने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। 21 फरवरी को फिल्म की एक टिकट पर दूसरी टिकट मुफ्त मिलेगी। यह ऑफर सिर्फ रिलीज डे के लिए ही वैध होगा। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। प्रेम त्रिकोण पर आधारित इस फिल्म को वाशु भगनानी और जैकी भगनानी ने प्रोड्यूस किया है। अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की नई तिकड़ी इस फिल्म का मुख्य आकर्षण है। इसके अलावा, हर्ष गुजराल भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं और वह अर्जुन कपूर के दोस्त का किरदार निभा रहे हैं।

## 'छावा' के कलेक्शन में बड़ा इजाफा, 32 करोड़ रुपये की शानदार कमाई



शिव जयंती के दिन 'छावा' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में भारी बढ़ोतरी हुई है। 'छावा' ने पहले दिन 33.1 करोड़ रुपए कमाए थे और दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई। दूसरे दिन 'छावा' ने 39.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। तीसरे दिन इसने 49.03 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जबकि चौथे दिन इसने 24.1 करोड़ रुपये कमाए। पांचवें दिन फिल्म ने 25.75 करोड़ रुपए कमाए। छठे दिन यानि शिव जयंती पर फिल्म ने 32 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है। भारत में फिल्म का छह दिनों का कलेक्शन 203.28 करोड़ रुपये हो गया है। शिव जयंती को लेकर 19 फरवरी को हर तरफ जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शिव जयंती पर राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। पांच दिन पहले रिलीज हुई फिल्म 'छावा' के कलेक्शन में शिव जयंती पर भारी इजाफा देखने को मिला है। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं। छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म 'छावा' शुक्रवार 14 फरवरी को रिलीज हो गई। फिल्म को दर्शकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। दर्शक फिल्म देखने के लिए उमड़ रहे हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'छावा' का बजट 130 करोड़ था। इस फिल्म ने मात्र तीन दिनों में अपना बजट वसूल कर लिया, जिसके बाद अब फिल्म जमकर कमाई कर रही है।



महाकुम्भ मेला क्षेत्र में परेड से संगम तक श्रद्धालुओं को ट्राली में ले जाते राजस्थान के घुमंतू जाति के लोग

# दिल्ली. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, छह मंत्रियों ने ली शपथ

**नयी दिल्ली।** छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आयीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पुरानी कार्यकर्ता रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार की बागडोर संभाली।



दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने श्रीमती गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गयी हैं। श्रीमती गुप्ता के बाद क्रमशः नयी दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश साहिब सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद सर्वश्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली।

रामलीला मैदान में तीन मंच सजे थे। बांये मंच पर विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु और कई प्रमुख संत विराजमान थे। बीच के मंच पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाने की व्यवस्था की गयी थी और इस मंच पर प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मोदी मंत्रिमंडल में शामिल अन्य मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री उपस्थित थे।

मंच पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और अजीत पवार, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्वोत्तर के नेतागण दिल्ली के सभी सांसद, महापौर तथा केन्द्रीय मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के नेता राजीव रंजन सिंह ऊर्फ लल्लन सिंह उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत राष्ट्र गान से हुयी। इसके बाद दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना को पढ़ा, जिसमें श्रीमती रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री और अन्य छह विधायकों को मुख्यमंत्री नियुक्त करने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से अनुमति दी गयी थी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर श्रीमती गुप्ता को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए लिखा, ह्लदिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्रीमती रेखा गुप्ता जी को बधाई। वे जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, प्रदेश संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक तथा मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वे पूरी ताकत से दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। उन्हें सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार पार्टी द्वारा चुनाव के दौरान दिल्ली की जनता से किये गये वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा, ह्लहमारी सरकार भ्रष्टाचार को कतई सहन नहीं करेगी और जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किये हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं और इस समय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाद दूसरी महिला है, जो किसी प्रदेश का नेतृत्व कर रही हैं।

## दिल्ली मंत्रिमंडल ने किया आयुष्मान भारत योजना को लागू करने का फैसला

**नई दिल्ली।** शपथ लेने के



बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री और सभी छह मंत्रियों ने गुरुवार रात को पहली कैबिनेट की बैठक की। इस बैठक में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने का फैसला किया गया। दिल्ली सरकार के फैसले का भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने स्वागत किया है। जेपी नड्डा ने गुरुवार रात को एक्स पर कहा कि मोदी की गारंटी यानि, हर गारंटी पूरी होने की गारंटी'। ह्यआयुष्मान भारत योजनाह्न को पहली कैबिनेट बैठक में लागू करने के निर्णय हेतु दिल्ली सरकार का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि 'आप-दा' सरकार ने 10 वर्षों तक अपनी संकीर्ण/स्वार्थपूर्ण राजनीति के कारण द्वेषवश इस जनहितैषी योजना से दिल्लीवासियों को वंचित रखा था, इस कारण दिल्ली के लाखों नागरिक विषम परिस्थितियों में उत्तम इलाज से वंचित रहे। जेपी नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 'विकसित दिल्ली' के 'संकल्प पत्र' में इस योजना को लागू करने का संकल्प लिया था। पहली कैबिनेट का यह निर्णय प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली की भाजपा सरकार जन-भावनाओं के अनुरूप विकास कार्य के अपने ध्येय को साकार करने हेतु कटिबद्ध है।

Hit लिस्ट

## सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते गुरुवार को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती



कराया गया है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, यह एक नियमित स्वास्थ्य जांच (रूटीन चेकअप) है, और फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोनिया गांधी को पेट संबंधी परेशानी की वजह से अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम उनकी निगरानी कर रही है, और उन्हें शुक्रवार तक अस्पताल से छुट्टी मिलने की संभावना है। यह पहली बार नहीं है जब सोनिया गांधी को स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती कराया गया हो। पिछले कुछ वर्षों में भी वे समय-समय पर चेकअप और इलाज के लिए अस्पताल जाती रही हैं।

## संघ प्रमुख आज से असम के पांच दिवसीय दौरे पर

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 21 से 25 फरवरी




तक असम के दौरे पर आ रहे हैं। डॉ. भागवत का यह दौरा संघ के शताब्दी वर्ष के मद्देनजर देशभर में चल रहे उनके प्रवास का ही एक हिस्सा है। संघ के उत्तर असम प्रांत के प्रचार प्रमुख किशोर शिवम ने गुरुवार को बताया कि डॉ. मोहन भागवत शुक्रवार दोपहर को गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधे गुवाहाटी के बोरबारी स्थित सुदर्शनालय पहुंचेंगे। डॉ. भागवत इस दौरे में संगठन कार्य विस्तार, कार्य की दृढ़ता, शाखाओं के माध्यम से समाज में परिवर्तन जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों के साथ विचार–विमर्श करेंगे।

### भारतीय सांस्कृतिक विरासत का होगा प्रदर्शन

# तेलंगाना 72वीं मिस वर्ल्ड 2025 की मेजबानी करेगा

विश्व की सबसे प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता 'मिस वर्ल्ड 2025' के 72वें संस्करण का आयोजन इस बार भारत के तेलंगाना राज्य में होने जा रहा है। यह भव्य प्रतियोगिता 7 मई से 31 मई तक चलेगी, जिसमें दुनियाभर से आई सुंदरियां अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस आयोजन के दौरान तेलंगाना के विभिन्न शहरों में प्रतियोगिता के अलग-अलग चरण आयोजित किए जाएंगे, जिसमें भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत और खूबसूरती को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा।उद्घाटन और ग्रैंड फिनाले का आयोजन 'मोतियों के शहर' और आईटी हब हैदराबाद में किया जाएगा, जिससे यह प्रतियोगिता और भी खास बन जाएगी। मिस वर्ल्ड लिमिटेड की अध्यक्ष और सीईओ जूलिया मॉर्ले ने कहा, हमें बेहद खुशी है कि मिस वर्ल्ड 2025 का आयोजन तेलंगाना में हो रहा है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नवाचार और अतुल्य मेहमाननवाजी के लिए प्रसिद्ध है। तेलंगाना सरकार के साथ हमारी यह साझेदारी यहाँ की अनूठी धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

सीईओ जूलिया मॉर्ले के विचारों से सहमति जताते हुए तेलंगाना सरकार की पर्यटन, संस्कृति, विरासत और युवा मामलों की सचिव सुश्री स्मिता सभरवाल ने मिस वर्ल्ड संगठन का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा, हम मिस वर्ल्ड लिमिटेड की अध्यक्ष और सीईओ जूलिया मॉर्ले सीबीई के निर्णय का स्वागत करते हैं कि उन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए एक ऐसे स्थान का चुनाव किया, जहां सौंदर्य केवल देखने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे मिट्टी, संस्कृति और परंपराओं में आत्मसात किया जा सकता है। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का यहां आयोजन होना हमारे लिए गर्व की बात है।




प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)